# प्रीलिम्स फैक्ट्स : 03 मार्च, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-03-03-2018

## राष्ट्रीय वित्तीय सूचना प्राधिकरण

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त संबंधी मामलों पर स्थायी समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय वित्तीय सूचना प्राधिकरण (National Financial Reporting Authority- NFRA) की स्थापना और NFRA के लिये अध्यक्ष का एक पद, पूर्णकालिक सदस्यों के तीन पदों व सचिव के एक पद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## प्रमुख बिंदु

- इस निर्णय का उद्देश्य NFRA को ऑडिटिंग पेशे के एक स्वतंत्र नियामक के रूप में स्थापित करना है जो कि कंपनी अधिनियम, 2013 में लाए गए प्रमुख परिवर्तनों में से एक है।
- इस निर्णय से विदेशी और घरेलू निवेश में सुधार, आर्थिक विकास में वृद्धि, अंतर्राष्ट्रीय पद्धतियों के अनुरूप कारोबार के वैश्वीकरण को अनुसमर्थन तथा लेखापरीक्षा व्यवसाय के सतत् विकास में सहायता मिलेगी।
- चार्टेड एकाउंटेंट्स और उनकी फर्मों की जाँच करने के लिये NFRA का कार्यक्षेत्र सूचीबद्ध कंपनियों तथा बड़ी गैर-सूचीबद्ध कंपनियों तक विस्तृत होगा।
- इसके अलावा सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ऐसे अन्य निकायों की जाँच के लिये भी कह सकती है।
- विभिन्न कार्य क्षेत्रों में लेखापरीक्षा घोटालों को ध्यान में रखते हुए लेखापरीक्षा मानकों को लागू करने और ऑडिट की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा लेखापरीक्षा फर्मों की स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिये एक स्वंतत्र नियामक NFRA की स्थापना की ज़रूरत महसूस की जा रही थी। कंपनियों की वित्तीय स्थिति के खुलासे से निवेशकों व आम लोगों का कंपनी पर विश्वास बढ़ेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव

## प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड के ऋषिकेश में परमार्थ निकेतन, केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय, उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड और गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के 29वें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है।
- अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव की शुरुआत मूल रूप से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा उस समय की गई थी जब ऋषिकेश उत्तर प्रदेश का ही हिस्सा था।
- 1999 में उत्तर प्रदेश सरकार ने परमार्थ निकेतन आश्रम से इस समारोह को आश्रम में आयोजित करने के लिये संपर्क किया था।
- तब से परमार्थ निकेतन द्वारा इस विश्वविख्यात कार्यक्रम का आयोजन वार्षिक रूप से सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इस बार के सम्मलेन में विश्व के लगभग 100 देशों के 1200 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे।
- इस बार का योग महोत्सव इसलिये भी खास है क्योंकि विश्वप्रसिद्ध म्यूज़िकल बैंड बीटल्स ग्रुप के भारत आने के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 4 से 6 मार्च तक संगीत महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। बीटल्स ग्रुप फरवरी, 1968 में ऋषिकेश आया था।

### पश्चिम लहर (XPL-18) अभ्यास

पश्चिमी नौसेना कमांड ने भारतीय पश्चिमी तट पर 'पश्चिम लहर' (एक्सपीएल-18) नामक विशाल सामरिक अभ्यास पूरा किया। यह अभ्यास 12 फरवरी को शुरू हुआ था।

## प्रमुख बिंदु

- अरब सागर में चले इस तीन सप्ताह लंबे अभ्यास के दौरान पश्चिमी नौसेना कमांड की सामरिक तैयारी का परीक्षण तथा इसकी परिचालन संबंधी योजनाओं का प्रदर्शन किया गया।
- 40 से भी अधिक नौसैनिक परिसम्पत्तियाँ जिनमें वायुयान वाहक INS विक्रमादित्य, पश्चिमी तथा पूर्वी बेड़ों के अग्रिम पंक्ति के जहाज (हाल ही में शामिल कोलकाता श्रेणी सहित), पनडुब्बियाँ, 22वीं किलर स्क्वाड्रन के मिसाइल जलयान, पेट्रोल जलयान तथा भारतीय तटरक्षक ने भी इस अभ्यास में भाग लिया।
- इस अभ्यास के दौरान भारतीय वायुसेना के हवाई जहाज़ों ने भारतीय नेवी के हवाई जहाज़ों के साथ समन्वित उड़ान अभियान में भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी की।
- गुजरात, महाराष्ट्र तथा उत्तर भारत के विभिन्न हवाई स्थलों से भारी संख्या में मेरीटाइम रोल जेगुआर, एसयू-30 एमकेआई, अवाक्स, फ्लाइट रिफ्यूलर्स ने भाग लिया।
- इस अभ्यास से पश्चिमी नौसैनिक कमांड के परिचालन, तार्किक तथा प्रशासनिक योजनाओं में और सुधार करने में मदद मिलेगी।

### UNEP की रिपोर्ट में स्थान पाने वाला एकमात्र भारतीय संस्थान

तिरुवनंतपुरम (केरल) में अवस्थित ऊर्जा प्रबंधन केंद्र (Energy Management Centre-EMC) ऊर्जा दक्षता के लिये संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा विश्वभर की पाँच अन्य परियोजनाओं के साथ मान्यता प्राप्त करने वाला एकमात्र भारतीय प्रोजेक्ट है।

## प्रमुख बिंदु

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environment Programme-UNEP) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट 2017: Towards a Zero-Emission, Efficient and Resilient Buildings and Construction Sector में EMC परिसर को भवनों में ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों की तैनाती में सराहनीय कार्य के लिये स्थान मिला है।
- ग्लोबल एन्वारन्मेंट फंड (Global Environment Fund) की सहायता से निर्मित EMC कैंपस केरल के सरकारी क्षेत्र में केवल एकमात्र LEED गोल्ड प्रमाणित भवन है।
- Leadership in Energy and Environmental Design (LEED) संयुक्त राज्य ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल द्वारा भवनों के पर्यावरणीय प्रदर्शन का मूल्यांकन करने और भवनों के टिकाऊ डिज़ाइन की दिशा में प्रयासों को आगे बढ़ाने हेतु निर्मित एक भवन रेटिंग प्रणाली है। LEED गोल्ड के बाद सर्वश्रेष्ठ रेटिंग LEED प्लेटिनम है।
- ऊर्जा-दक्ष EMC परिसर डे-लाइटिंग नियंत्रक, सीएफसी मुक्त हीटिंग, हैलोजन रहित अग्निशमन प्रणाली, उच्च-एल्बिडो पेंटिंग जैसी विशेषताओं से युक्त है। इस भवन के बिल्ट-अप स्पेस का 94% एरिया सूर्य की रोशनी से प्रकाशित होता है।